## खबर संक्षेप

### नगरीय प्रशासन मंत्री का नपा अध्यक्ष ने किया स्वागत

**बलौदाबाजार**। छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री अरूण साव के प्रथम नगर आगमन पर नगर पालिका अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल द्वारा बोर्ड कॉलोनी के सामने ढोल–नंगाड़े बजाकर अभिनंदन करते हुए विशाल पुष्प माला पहना कर भव्य स्वागत किया गया। जायसवाल ने स्थानीय सर्किट हाउस में विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की। इस दौरान उपस्थित जनप्रनिनिधियों एवं पार्षदों द्वारा भी स्वागत किया गया।

### ट्रैक्टर पलटने से नाबालिग सहित दो की मौत

**महासमुंद**। पटेवा थाना क्षेत्र के टुरीडीह-रायतुम रोड़ अग्रवाल राईस मिल के पास ट्रैक्टर के पलटने से एक नाबालिग सहित दो लोग दब गए। हादसे में दोनों की मौत हो गई। थाने में दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक, भूषण ध्रुव, डेमन ठाकुर, खुमेश्वर ठाकुर, भेनू ध्रुव, प्रेमशंकर खड़िया 26 नवंबर को राजकुमार के ट्रैक्टर क्रमांक सीजी 06 जीएम 0640 में प्रेमशंकर निषाद का सेट्रिंग सामान लाने ग्राम आरंगी गए रहे। आरंगी से सेट्रिंग सामान लेकर वापस ग्राम पतेरापाली आते समय टुरीडीह चौक के पास ट्रैक्टर खराब होने से चालक प्रेमशंकर निषाद उसे सुधरवाने रूका था तथा ट्रैक्टर में सवार भेनु ध्रुव, भूषण ध्रुव, डेमन ठाकुर, खुमेश्वर ठाकुर, प्रेमशंकर खड़िया पैदल टुरीडीह चौक से अपने गांव पतेरापाली रायतुम पैदल जा रहे थे। इसी दौरान रात करीबन 10 बजे टुरीडीह-रायतुम रोड़ अग्रवाल राइस मिल के पास टुरीडीह चौक की ओर से आ रही ट्रैक्टर के चालक प्रेमशंकर निषाद ने अपनी वाहन को तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर ट्रैक्टर को पलट दिया, जिससे पैदल चल रहे भेनू ध्रुव एवं प्रेमशंकर खड़िया ट्रैक्टर के इंजन में दब जाने से दोनों को गंभीर चोटें आई दोनों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पिथौरा ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### 36 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**महासमुंद**। प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर 09 मृतकों के निकटतम वारिसानों के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने चार-चार लाख रुपए के मान से कुल 36 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। इनमे पानी में डूबने से मृत्यु होने पर महासमुंद वार्ड नंबर 7 नयापारा के मृतक विमल कावले, ग्राम तुमगांव के मृतक दुर्गा प्रसाद सोनी, ग्राम भोरिंग के मृतक गगनदीप जलक्षत्री, ग्राम तुमगांव के मृतक समारू यादव, ग्राम दर्रीपाली के मृतक विष्णु प्रसाद, ग्राम लभराकला की मृतिका देवबती ध्रुव एवं पिथौरा अंतर्गत ग्राम राजा सेवैयाखुर्द के मृतक दीपक कुमार डड़सेना के निकटम वारिसानों के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत दी है।

# सरकार गठन के एक साल पूर्ण होने पर निकायों से निकाली स्वच्छता रैली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

सरकार गठन के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विभागों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन 9 से 20 दिसम्बर के मध्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में सोमवार को जिले के सभी नगरीय निकायों में स्वच्छता सायकिल रैली निकाली गई, जिसमें नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अधिकारी–कर्मचारी एवं स्वच्छता दीदी शामिल हुए।

जानकारी के अनुसार स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक साल की उपलब्धियों पर क्विज का आयोजन, मेहंदी, रंगोली प्रतियोगिता, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सायकिल रैली, सुशासन पर स्लोगन, वाद विवाद, नुक्कड़ नाटक, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अमृत सरोवरो पर एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण, ग्राम पंचायतों में स्वच्छता पखवाड़ा, बिहान की दीदियों द्वारा सुशासन का संकल्प, सुशासन रंगोली, सुशासन चौपाल, स्वस्थ्य विभाग द्वारा ब्लड डोनेशन कैम्प, मितानिन सम्मेलन, स्वास्थ्य परीक्षण शिविर, सहकारिता विभाग द्वारा धान खरीदी केंद्रों में किसान सम्मान कार्यक्रम, आदिवासी विकास विभाग द्वारा छात्रवासों में खेलकूद, क्विज जनजातीय वीरों पर आधारित कार्यक्रम, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन के ▸▸ शेष पेज 11 पर

## स्कूल शिक्षा विभाग ने एक साल की उपलब्धियों पर क्विज का आयोजन किया



### आकर्षक सेल्फी जोन तैयार किया जाएगा

आगामी दिनों में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा सफाई वाहनों से जिंगल का प्रसारण, सफाई पखवाड़ा का आयोजन, स्वच्छता दीदियों का सम्मलेन, सभी नगरीय क्षेत्रें में आकर्षक सेल्फी जोन तैयार किया जाएगा।

# चरौदा में बनी पानी टंकी, 450 परिवार होंगे लाभान्वित




हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलारी

ग्राम पंचायत चरौदा में जल जीवन मिशन के तहत गांव में एक नई पानी टंकी का उद्घाटन किया गया, इससे ग्रामीणों को स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित होगी। इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति को सुदृढ़ करना और पानी की गुणवत्ता को बेहतर बनाना है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच चरणदास कोशल व सचिव मनीराम यादव उपसरपंच सीताराम साहू ने उद्घाटन समारोह में भाग लिया। इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए समर्पण और कड़ी मेहनत को सराहा। उन्होंने कहा, जल जीवन मिशन का उद्देश्य देश में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करना है और गांव में यह पानी टंकी इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह परियोजना न केवल पानी की उपलब्धता में सुधार करेगी, बल्कि ग्रामीणों के स्वास्थ्य और ▸▸ शेष पेज 11 पर

■ सरपंच चरणदास व सचिव मनीराम उपसरपंच सीताराम ने किया उद्घाटन

## सौगात : 1000 सीटर पूर्णत: वातानुकूलित से है लैस

# जिले को आज मिलेगी सबसे बड़े ऑडिटोरियम की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार




सोनाखान की पवित्र भूमि से जिला मुख्यालय में निर्मित 1000 सीटर जिला ऑडिटोरियम का मुख्यमंत्री विष्णु देव साय आज वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। नगर के रायपुर रोड पर स्थित अम्बेडकर चौक के पास बने आडिटोरियम शहर की एक नयी पहचान होगी, जो अब सांस्कृतिक एवं अन्य कार्यक्रमों के लिए अब प्रमुख स्थल होगा। उक्त आडिटोरियम जिले का सबसे बड़ा आडिटोरियम साबित होगा। लम्बे समय से जिलेवासियों की महत्वपूर्ण मांगों में शामिल था। उक्त आडोटोरियम में 1 हजार लोगों की बैठने की क्षमता होगी, जो कि पूर्णतः वाता अनुकुलित होगा।

इसके अतिरिक्त आडोटोरियम में 2 वीआईपी कक्ष, डायनिंग हॉल सहित फायर फाईटिंग सिस्टम से लैस है, जिसका उपयोग जिलावासी एवं सामाजिक संगठन आने वाले समय में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए उपयोग कर सकते हैं। इसकी सुन्दरता को बढ़ाने के लिए बाउण्ड्रीवाल भी अलग से बनाई जा रही है, जो की मेंटेनेस आधारित होगा। उक्त स्थल में पार्किंग भी समुचित व्यवस्था रहेगीं। आडिटोरियम के सुचारू संचालन एवं रख रखाव के लिए कलेक्ट दीपक सोनी ने एसडीएम बलौदाबाजार को समिति बनाने के निर्देश दिए हैं। आडिटोरियम का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा जिला खनिज न्यास की मद्द से लगभग 636.72 लाख रूपये से किया गया है।

■ आडोटोरियम में 1 हजार लोगों की बैठने की क्षमता

# नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुड़पार-सरसीवां

नौकरी लगाने के नाम से धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। ग्राम पेंड्रावन, थाना सरसीवा निवासी रूपेश कुमार बघेल ने पिछले वर्ष 3 जुलाई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि गोविंद सिंह धीरहे निवासी करूंमौहा, चौकी रजगामार जिला कोरबा द्वारा कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में नौकरी लगा दूंगा बोलकर झांसे में लेकर 185000 रुपए ले लिया है। काफी समय बीत जाने के बाद भी नौकरी नहीं लगने पर और प्रार्थी द्वारा पैसा वापस मांगने पर आरोपी द्वारा पैसा नहीं दिया जा रहा था, जिससे प्रार्थी को उसके साथ ठगी होने का एहसास हुआ। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सरसिवा में आरोपी के विरुद्ध धारा 420 आईपीसी के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की पता साजी की जा रही थी। आरोपी काफी चालक था और उसके विरुद्ध कई थानों में और कई लोगों से ठगी करने की शिकायत होने के संबंध में सूचना मिली थी। थाना प्रभारी सरसीवां को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी कोरबा के आसपास घूम रहा है। सूचना पर सरसीवा से एक पुलिस टीम कोरबा भेजी गई। कोरबा में स्थानीय साइबर सेल के टीम के सहयोग से आरोपी गोविंद धीरहे को रविवार को गिरफ्तार कर सरसीवा लाया गया। आरोपी को न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय भटगांव प्रस्तुत किया गया है।



# शराब, जुआ और सट्टे में संलिप्त पांच युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार





जिला पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों में लिप्त आरोपियों, शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों एवं जुआ, सट्टा का संचालन करने वाले तथा अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले आरोपियों की धरपकड़ कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने रविवार को सायं के समय क्षेत्र अंतर्गत शराब भट्टी के पास अवैध रूप से चखना सेंटर का संचालन करने वाले, सड़क मार्ग के किनारे स्थित होटल, ढाबा, ठेला आदि में पीने, बैठने की सुविधा उपलब्ध कराकर अवैध रूप से शराब पिलाने वाले आरोपी ऋषभ धृतलहरे 25 साल निवासी ग्राम जरोदा थाना भाटापारा, सोहन सायतोडे 25 साल निवासी ग्राम बैकोनी सिमगा, धर्मेंद्र मिरी 40 साल निवासी ग्राम ▸▸ शेष पेज 11 पर

*आरोपी के दो साथियों को मौके पर दबोचा गया था और तीसरा फरार था*

# फरार गांजा तस्कर दो साल बाद नाकेबंदी करके पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

शहर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी मामले में फरार एक आरोपी हरीश पांडे 33 साल निवासी गुरुनानक वार्ड भाटापारा और वर्तमान निवासी गुढ़ियारी मुर्रा भट्टी रायपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपी को भाटापारा शहर मेनरोड बलभद्र वार्ड में नाकाबंदी कर मोटरसाइकिल में अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करते पकड़ा गया था।

इस दौरान आरोपियों से 01.400 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ का गांजा जब्त किया गया था। पकड़े जाने के दौरान आरोपी हरीश पांडे मोटरसाइकिल लेकर मौके से फरार हो गया था।



प्रकरण में फरार आरोपी का लगातार तलाश की जा रही थी। मुखबिर की सूचना पर थाना भाटापारा शहर पुलिस ने मामले में फरार आरोपी हरीश पांडे को हिरासत में लिया, जिससे पूछताछ करने पर उसके द्वारा वर्ष 2022 में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी हिमांशु भोसले एवं विकास शर्मा के साथ मोटरसाइकिल के माध्यम से अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करना स्वीकार किया। प्रकरण ▸▸ शेष पेज 11 पर

### 01.400 किलो मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया

दो साल पहले 12 मई को पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ लोग भाटापारा शहर से लिमतरा की ओर मोटरसाइकिल के माध्यम से अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले हैं। सूचना पर थाना भाटापारा शहर पुलिस ने मेनरोड बलभद्र वार्ड के पास नाकाबंदी की थी। इस दौरान कॉलेज रोड की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल को रोका गया। मोटरसाइकिल में तीन व्यक्ति सवार थे, जिसमें पीछे बैठे दोनों व्यक्ति नीचे गिर गए तथा तीसरा आरोपी मोटरसाइकिल लेकर फरार हो गया। मौके पर से दो आरोपी हिमांशु कोसले एवं विकास शर्मा को हिरासत में लिया गया, जिनका विधिवत्त तलाशी लेने पर आरोपियों के पास 01.400 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया गया। प्रकरण में थाना भाटापारा शहर में आरोपियों के विरुद्ध धारा 20B NDPS एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

# परोपकार करने पर चार पुलिस कर्मचारी सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

शनिवार को एक महिला अचानक रिंगनी–हथबंद रेलवे फाटक के पास आत्महत्या करने के लिए आ गई। सूचना पर थाना हथबंद से निरीक्षक केसी दास, आरक्षक भारत बंजारे, चंद्रकांत कुर्रे एवं धर्मेंद्र यादव की टीम द्वारा तुरंत रेलवे ट्रैक के पास पहुंचकर महिला को समझाइस देने का प्रयास किया। उक्त महिला जिसका ससुराल ग्राम पौंसरी थाना हथबंद है, जो कि अपने ससुराल में सास से वाद–विवाद होने पर रेलवे पटरी पर आत्महत्या करने की नीयत से आ चुकी थी। उक्त महिला अत्यंत आवेश में थी और किसी की बात को सुनने के लिए तैयार ही नहीं थी। महिला बार–बार मैं मरने जा रही हूं इस प्रकार की बातें बोलकर उत्तेजित होती जा रही थी। इस बीच थाना हथबंद पुलिस द्वारा अत्यंत सूझबूझ एवं शालीनता का परिचय देते हुए महिला ▸▸ शेष पेज 11 पर

### रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने जा रही महिला की जान बचाने के लिए हुए सम्मानित

पुलिस टीम ने महिला के मायके पक्ष से रिश्तेदारों को तत्काल वहां पर बुलाया, जिसमें महिला के बड़े–पिता के वहां पर आते ही पुलिस टीम ने सकुशल महिला को उसके पिता को सुपुर्द किया। पूरी तत्परता के साथ, कार्य करते हुए अत्यंत शालीनता एवं सूझबूझ के साथ रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या करने के लिए जा रही आक्रोशित महिला को शांत कराकर उसकी जान बचाने एवं उक्त महिला को सुरक्षित उनके परिजनों को सुपूर्द करने पर हथबंद पुलिस स्टाफ के इस परोपकारी कार्य की सराहना एवं प्रशंसा करते हुए सोमवार को पुलिस अधीक्षक द्वारा केसी दास थाना प्रभारी हथबंद सहित आरक्षक भारत बंजारे, चंद्रकांत कुर्रे, धर्मेंद्र यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## बीजराडीह में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के समापन में शामिल हुए शिवरतन

# कबड्डी है हमारे परम्परागत खेल का अहम हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भाटापारा

कबड्डी हमारी परम्परागत खेल का अहम हिस्सा है। सदियों से देश में कबड्डी को खेल में अहम स्थान हासिल है। सार्क देश की टीम एशिया स्तर पर कबड्डी प्रतियोगिता में भारत अजेय टीम है। यह बातें भाटापारा विधानसभा के बीजराडीह गांव में स्व. फेकूराम ध्रुव एवं स्व. सुरेश ध्रुव की स्मृति में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा ने कही।

शिवरतन शर्मा ने इस दौरान खेल में शामिल होने आए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमें क्रिकेट हॉकी और फुटबाल की दुनिया में कबड्डी खेल को फलते फूलते देखकर खुशी होती है।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि इतिहास गवाह है कि भारत की पहचान दुनियां में सदियों से मेहनतकश के रूप में रही है। यह पहचान आज भी कायम है। इसका श्रेय हमारी परम्परागत खेलों को भी जाता है। इसमें से एक खेल कबड्डी भी है। आज भी गांव और शहर में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। यह हमारी मनोरंजन परम्परा में सदियों से शामिल हैं।



शिवरतन शर्मा ने कहा की कबड्डी प्रतियोगिता में बल, चतुरता और फुर्तिलापन को विशेष स्थान हासिल है और यह भी सब जानते हैं। इन तीनों गुणों का मानव जीवन में अहम स्थान है। खुद स्वामी विवेकानन्द कबड्डी के अच्छे खिलाड़ी हुआ करते थे। शर्मा ने बताया हमें बताने में खुशी है। दक्षिण एशिया में सार्क देशों के बीच कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। एशियन गेम्स में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन हो चुका है। जहां सार्क देशों में भारत हमेंशा से कबड्डी चैम्पीयन है। वहीं एशियन गेम्स में भारत को कबड्डी प्रतियोगिता में विशेष स्थान हासिल है। उन्होंने कहा आज कोरिया, चीन और जापान भी कबड्डी को प्राथमिक खेल कैलेन्डर में शामिल है। इसकी मुख्य वजह इस खेल की गति और सोचने समझने की क्षमता को जाता है।

इस अवसर पर राकेश तिवारी, टेकसिंह ध्रुव, भेषकुमार ध्रुव, राजेन्द्र यदु, शिवचरण, अश्वनी, यशवंत खुसरो, रवि,महेन्द्र, चेतन, देवनाथ, रामलाल, संतु ध्रुव, भुवन, देवेंद्र, सोहन, बेदराम, भागवत, संजय, दुलेश, किशुन, गोलू, राजकुमार, हेमाराम, रोहित, नरसिंह, अरुण, कामता, पवन, जेठू, शंकर, परस, खम्हन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### सामाजिक सौहार्द्रता को बल मिलता है

शिवरतन शर्मा ने बताया की भाजपा सरकार हमेशा खेल, खिलाड़ी और परम्पराओं की पोषक रही है। छत्तीसगढ़ के कई खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय कबड्डी में नेतृत्व कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस प्रकार के आयोजन से सामाजिक सौहार्दता को बल मिलता है। सदियों से कबड्डी का हमारी खेल संस्कृति में विशेष स्थान हासिल है। उम्मीद है यह परम्परा कायम रहेगी।

हरिभूमि
पाठक सूचना
बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8224035555, 8370049468

# प्रदेश में भाजपा बनाएगी 75 नए मंडल, अब एक मंडल में होंगे 45 से 50 बूथ

## राष्ट्रीय नेतृत्व से मंजूरी के बाद संगठन चुनाव में बनाए जा रहे नए मंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

प्रदेश में भाजपा का संगठन चुनाव चल रहा है। बूथ कमेटियों के चुनाव के बाद अब मंडल अध्यक्षों के चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। इसके पहले नए मंडलों का भी गठन किया जा रहा है। प्रदेश संगठन ने राष्ट्रीय नेतृत्व से प्रदेश में मंडलों की संख्या बढ़ाने की मंजूरी मांगी थी, वहां से मंजूरी मिलने के बाद अब नए मंडल बनाने का काम भी प्रारंभ कर दिया गया है। इसके लिए यह फार्मूला तय किया गया कि एक मंडल में 45 से 50 बूथ ही होंगे। एक दिन पहले ही रायपुर शहर में चार नए मंडल बनाए गए हैं। दूसरे जिलों में भी यह काम चल रहा है। करीब 75 नए मंडल बनेंगे और मंडलों की संख्या 405 से बढ़कर 480 हो जाएगी। छत्तीसगढ़ की 90 विधानसभाओं में 24 हजार से ज्यादा बूथ हो गए हैं, लेकिन भाजपा के मंडलों की संख्या अब भी 405 ही है, जबकि जिलों की संख्या में भी इजाफा हो गया है। इस बार प्रदेश संगठन ने राज्य में संगठन चुनाव से पहले राष्ट्रीय नेतृत्व को मंडलों की संख्या में इजाफा करने का प्रस्ताव भेजा था। इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद अब मंडलों की संख्या बढ़ाई जा रही है।

### ये है फार्मूला

मंडलों की संख्या बढ़ाने जो फार्मूला तय किया गया है, उसमें सबसे अहम ये है कि अब एक मंडल के लिए बूथों की संख्या 45 से 50 होगी। इस समय कई मंडलों में 80 से 100 या फिर इससे भी ज्यादा बूथ हैं। जैसे राजनांदगांव के एक मंडल में सौ बूथ हैं। अब उसे दो मंडलों में बांटा जा रहा है। रायपुर शहर की चार विधानसभाओं में एक हजार से ज्यादा बूथ हैं, लेकिन यहां पर मंडल 16 थे, एक-एक मंडल में 80 से 90 बूथ थे। अब यहां 20 मंडल कर दिए गए हैं। ऐसे में अब एक मंडल में 50 बूथ ही रहेंगे।



### अब होंगे ज्यादा मंडल अध्यक्ष

प्रदेश के संगठन चुनाव प्रभारी खूबचंद पारख ने बताया, राष्ट्रीय नेतृत्व से मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश संगठन ने मंडलों की संख्या बढ़ाने का फैसला किया है, ऐसे में मंडलों के चुनाव में भी अब 405 मंडलों के स्थान पर करीब 480 मंडलों का चुनाव होगा। 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों का चुनाव होना है, इसकी प्रक्रिया चल रही है। मंडल अध्यक्षों के बाद जिलाध्यक्षों का चुनाव 16 से 31 दिसंबर तक होगा।

### मंडलों के जिले भी बदल रहे

*नए मंडलों के गठन के कारण कुछ मंडलों के जिलों के साथ विधानसभा में भी बदलाव होने जा रहा है। जैसे दुर्ग और भिलाई के कुछ मंडलों की विधानसभा के साथ जिले भी बदल रहे हैं। इसी तरह से अन्य जिलों में भी परिवर्तन वहां पर मंडलों के परिसीमन के कारण हो रहा है।*

## खबर संक्षेप



### आदित्य को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान

**रायपुर।** राजधानी निवासी 11 वर्षीय आदित्य राजे को नई दिल्ली में राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान-2024 प्रदान किया गया। यह सम्मान उन्हें पर्यावरण संरक्षण एवं योग के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों के लिए दिया गया। आदित्य राजे को यह सम्मान ललिता देवी इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस छतरपुर नई दिल्ली में टीवी कलाकार गजेंद्र चौहान द्वारा प्रदान किया गया। विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए अलग-अलग राज्यों से व्यक्तियों का चयन इस पुरस्कार के लिए किया गया था। आदित्य यह पुरस्कार प्राप्त करने वाले सबसे कम उम्र के प्रतिभागी रहे।

### लभांडी से जोरा तक सर्विस रोड का काम बंद



**रायपुर।** साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने बताया कि रायपुर शहर से आरंग रोड की ओर राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों तरफ वर्षों बाद जैसे-तैसे लभांडी से जोरा तक सर्विस रोड की पहली परत का निर्माण वर्षा ऋतु के पहले तक हो गया था। इस सर्विस रोड का निर्माण एजेंसी द्वारा वर्षा ऋतु समाप्त हो जाने के बाद दूसरी लेयर का काम शुरू कर देना चाहिए था, लेकिन अभी तक यह महत्वपूर्ण निर्माण कार्य शुरू ही नहीं किया गया है। इसीलिए इस सर्विस रोड की दूसरी लेयर का काम संबंधित एजेंसी से जल्दी शुरू कराने के लिए समिति साईंनगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण मुख्यालय नई दिल्ली तक छत्तीसगढ़ राज्य के प्रभारी जनरल मैनेजर को फीडबैक देकर संबंधित निर्माण एजेंसी को समुचित दिशा-निर्देश देकर जल्द से जल्द काम शुरू करने के लिए कहा गया। अब देखना यह है कि जनता जनार्दन की सुरक्षा से जुड़ी हुई यातायात की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण इस सर्विस रोड की दूसरी लेयर का काम कब तक शुरू होगा।

### तेंदूकोना में आकस्मिक निरीक्षण, 2500 बोरा धान जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में किसानों को उचित मूल्य दिलाने और खाद्यान्न की कालाबाजारी को रोकने के लिए लगातार अवैध धान भंडारण एवं परिवहन पर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बागबाहरा उमेश कुमार साहू के मार्गदर्शन में बीती रात राजस्व विभाग और मंडी टीम द्वारा तेंदूकोना में किराना व्यवसायी अशोक पिता रामरतन के गोदाम का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गोदाम में 2500 बोरा धान रखा पाया गया। राजस्व विभाग और मंडी टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए धान को जब्त कर लिया और उक्त व्यक्ति को जांच की कार्रवाई पूरी होने तक अभिरक्षार्थ सुपुर्द कर दिया।

### काले कपड़े पहनकर काम किया पटवारियों ने

**महासमुंद।** शासन से आवश्यक संसाधन की मांग को लेकर जिलेभर के पटवारी एक बार फिर आंदोलन की राह पर हैं। आंदोलन के तहत सोमवार को पटवारियों ने काले कपड़े पहनकर ड्यूटी दी। बाद शाम 4 बजे कलेक्टर को मांग पत्र सौंपा। राजस्व पटवारी संघ छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्ष संतोष सोनी ने बताया कि वर्तमान में राजस्व संबंधी सभी कार्य ऑनलाईन किया जा रहा है। इसके अलावा कृषि संगणना, फसल कटाई प्रयोग भी ऑनलाइन मोबाइल एप या फिरकंप्यूटर के माध्यम से किया जाता है। लेकिन, पटवारियों को किसी भी प्रकार का संसाधन अथवा संसाधन भत्ता उपलब्ध नहीं कराया जाता है। पटवारी निजी अथवा किराए पर लिए गए संसाधन के जरिए कार्य संपादित कर रहे हैं।

## नगरीय प्रशासन विभाग आबादी के आधार पर तय करेगा आरक्षण

# नगरीय निकाय चुनाव की उल्टी गिनती शुरू तारीखों का ऐलान आरक्षण तय होने के बाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ 6 जनवरी तक छत्तीसगढ़ के नगर निगम, नगरपालिका और नगर पंचायतों में नया कार्यकाल शुरू होना है

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनावों को लेकर काउंटडाउन शुरू हो गया है। मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के साथ ही नगरीय निकाय विभाग मेयर, नगरपालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष पदों के लिए आरक्षण तय करने की कवायद में जुटा है। इसके बाद निर्वाचन आयोग इसी माह के अंतिम सप्ताह में चुनाव तारीखों का ऐलान कर सकता है।

माना जा रहा है कि 6 जनवरी तक छत्तीसगढ़ के नगर निगम, नगरपालिका और नगर पंचायतों में नया कार्यकाल शुरू होना है, ऐसे में माना जा रहा है कि दिसंबर और जनवरी के बीच में ही छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव हो सकते हैं। 11 दिसंबर तक निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन होना है। नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कहा जा रहा है कि दिसंबर में छत्तीसगढ़ में आचार संहिता लग सकती है। चुनाव आयोग ने भी मतदाता सूची से लेकर दूसरी सभी तैयारियां तेज कर दी हैं, क्योंकि जनवरी में निकायों का कार्यकाल पूरा हो जाएगा। ऐसे में निर्वाचन आयोग के अलावा राज्य सरकार ने भी चुनावी तैयारियां शुरू कर दी हैं। सभी निकायों का परिसीमन पूरा होने के बाद अब नगरीय प्रशासन विभाग को यहां पर आबादी के आधार पर आरक्षण तय करना है। निकाय के जिन पदों के आरक्षण राज्य स्तर से तय होने हैं, उनमें जिला पंचायत अध्यक्ष, नगर निगम महापौर, नगरपालिका अध्यक्ष के पद शामिल हैं। उन पदों के लिए ऐसे निकायों की कुल जनसंख्या के आधार पर आरक्षित पदों की संख्या तय की जाएगी। उनमें से एक तिहाई पद महिलाओं के लिए आरक्षित होंगे।

### आरक्षण से तय होंगी मेयर की सीटें

*वहीं नगरीय निकाय चुनाव के लिए नए सिरे से परिसीमन होने की वजह से मेयर और पार्षदों की सीटें भी नए सिरे से ही आरक्षित की जाएंगी। राज्य में महापौर के पदों की कुल संख्या में अजा और अजजा के लिए 50 प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित होने पर कुल स्थानों की संख्या के 50 प्रतिशत की सीमा के अधीन रहते हुए शेष स्थान ओबीसी के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित किए जाएंगे। अगर किसी स्थान पर अजा और अजजा की जनसंख्या 50 प्रतिशत से अधिक होती है तो ओबीसी के लिए आरक्षित नहीं किया जाएगा।*




### 20 के बाद आचार संहिता लगने की संभावना

नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव को लेकर 20 दिसंबर के बाद आचार संहिता लगाई जा सकती है। 11 दिसंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होना है। बताया जाता है कि जनवरी तक नगरीय निकाय चुनाव की प्रक्रिया पूरी होने के बाद पंचायत चुनाव 4 या 5 चरण में कराए जा सकते हैं।

### ऐसे तय होगा आरक्षण

*ऐसे नगर निगम के वार्ड, जहां अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति के लिए 50 प्रतिशत से कम स्थान आरक्षित किए गए हैं, वहां निकटतम रूप से कुल स्थानों की संख्या के 50 प्रतिशत की सीमा के अंदर रहते हुए शेष स्थान ओबीसी के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में आरक्षित की जाएगी। ऐसे स्थान अलग-अलग वार्डों के लिए चक्रानुसार आरक्षित किए जाएंगे। अगर किसी स्थान पर अजा और अजजा का कुल आरक्षण 50 प्रतिशत से अधिक है तो अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित नहीं किया जाएगा।*

# बाघों की आमद इतनी कि प्रबंधन संभाल नहीं पा रहा

## ड्रोन से फोटो खींचकर सो रहे टाइगर को जगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



बाघ के लिए तरस रहे छत्तीसगढ़ के जंगलों में पड़ोसी राज्य के बाघों की बड़ी तेजी से आमद हो रही है। बाघों की यहां जिस रफ्तार से आमद हो रही है, उस तेजी से प्रबंधन मैनेजमेंट करने में असफल साबित हो रहा है। असफल प्रबंधन का एक ऐसा ही वीडियो सामने आया है, जिसमें एक बाघ का ड्रोन से वीडियो बनाया जा रहा है। जिस समय ड्रोन से यह वीडियो बनाया जा रहा था, उस समय बाघ सो रहा था। ड्रोन की आवाज सुनकर बाघ नींद से जाग गया और सुरक्षित स्थान की तलाश में किसी दूसरी जगह निकल गया।

गौरतलब है कि जिस बाघ का ड्रोन वीडियो सामने आया है, वह अनूपपुर से भटकते हुए मरवाही के जंगल में आई मादा बाघ बताई जा रही है। वन अफसर बाघिन की कथित तौर पर सुरक्षा करने उसकी ड्रोन से निगरानी कर रहे थे। इस दौरान बाघिन एक फार्म हाउस के पास सुरक्षित जगह तलाश कर सो रही थी। इसी दौरान वन विभाग के अफसरों के निर्देश पर वनकर्मी ड्रोन से उसका वीडियो बनाने लगे। ड्रोन की आवाज सुनकर सो रही बाघिन इधर-उधर देखने के बाद किसी खतरे की आशंका के चलते सुरक्षित स्थान की तलाश में चली गई।

### सोते बाघ की फोटो खींचने पर लग चुका है जुर्माना

राजस्थान के रणथंभौर टाइगर रिजर्व में सो रहे बाघ का एक पर्यटक ने फोटो खींच लिया था। साथ ही पर्यटक ने गाइड को सोते हुए बाघ को पत्थर मारकर जगाने के लिए कहा। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इस पर टाइगर रिजर्व के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने पर पर्यटक को 51 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया। घटना इसी साल 23 अप्रैल की है।

### ड्रोन से फोटो खींचने की एनटीसीए से शिकायत

*वन्यजीव के जानकारों के मुताबिक, बाघ 18 से 20 घंटे तक सोते हैं। ऐसी स्थिति में बाघ को जगाने पर वे उग्र हो सकते हैं। अपनी सुरक्षा के लिए बाघ दूसरी जगह चले जाते हैं। सो रही बाघिन की ड्रोन से वीडियो बनाकर जगाने की घटना से वन्यजीव प्रेमी नाराज हैं। वन्यजीव प्रेमियों ने इसकी लिखित शिकायत एनटीसीए के सचिव से की है।*

## महाराष्ट्र मंडल के महिला केंद्रों में रामरक्षा स्तोत्र-हनुमान चालीसा पाठ



**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति के मार्गदर्शन में सभी 16 महिला केंद्रों ने प्रत्येक शनिवार को आयोजित रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन शनिवार को भी बड़े उत्साह के साथ किया। मंडल के तात्यापारा, चौबे कालोनी, टाटीबंध, डगनिया समेत लगभग सभी केंद्रों की महिलाओं ने रामरक्षा स्तोत्र और हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंदिरों और सार्वजनिक स्थानों पर उनके साथ ऐसे कई भक्तजन भी जुड़े, जो महाराष्ट्र मंडल के आजीवन सभासद नहीं हैं। आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था अभय काले ने बताया कि समिति की ओर से प्रत्येक शनिवार यह आयोजन 48वें सप्ताह भी निरंतर जारी रहा। सामूहिक पाठ करने वालों में अनुभा जाऊलकर, नमिता शेष, भावना राजिमवाले, रश्मि डांगे, ज्योति डोलस, प्रिया जोगलेकर, आदि उपस्थित थीं।



## सिंधी काउंसिल ने तीन जगह लगाया आयुष्मान कार्ड शिविर

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं स्वास्थ्य विभाग के विशेष सहयोग से तीन स्थानों पर आयुष्मान कार्ड कैंप लगाया गया। साथ ही 70 वर्ष की आयु से अधिक के बुजुर्गों का 5 लाख की सहायता संबंधी आयुष्मान कार्ड भी बनाया गया। इस मौके पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि बीपीएल कार्डधारियों को भी 5 लाख का पूरे परिवार एवं बिना बीपीएल राशन कार्ड वाले परिवार को 50 हजार का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसी दौरान रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने लाखेनगर सिंधी धर्मशाला में कैंप का उद्घाटन किया और कहा, केंद्र और राज्य मिलकर आयुष्मान कार्ड योजना लेकर आए हैं, डबल इंजन की सरकार की सोच हर वर्ग का ध्यान रख रही है और इसका लाभ सभी वर्ग लें।

## 20 वार्डों में सालभर में 139 करोड़ के काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ विधायक राजेश मूणत ने बड़ी संख्या में कराए विकास कार्य

रायपुर पश्चिम के भाजपा विधायक राजेश मूणत ने चौथी बार विधायक बनने के बाद 4 दिसंबर 2023 से अपने विधानसभा क्षेत्र में वार्डों की जरूरत का सर्वे शुरू किया और सिर्फ एक साल में सभी वार्डों में विकास के नए काम किए हैं। उन्होंने अपनी विधायक निधि के अलावा सीएम विष्णुदेव साय तथा पीडब्ल्यूडी मंत्री अरुण साव के जरिए वार्डों में सालभर में 139 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। उन्होंने राजधानी में सरकारी स्कूलों और कॉलेजों के अपग्रेडेशन तथा निर्माण का सबसे बड़ा अभियान प्रारंभ किया है। गुढ़ियारी में पहले सरकारी कॉलेज की आधारशिला रखने के साथ राजेश मूणत ने युवाओं को बड़ी सुविधा देने पर अमल शुरू कर दिया है। हीरापुर और जरवाय में लाखों लोगों को सुरक्षित रास्ते मिलेंगे। तकरीबन हर वार्ड में प्राइमरी से हायर सेकेंडरी तक के सरकारी स्कूलों में छात्रों के लिए ऐसी सुविधाएं जुटा रहे हैं, ताकि छात्रों को स्कूल आने में अच्छा महसूस हो।

# 'बकाया' पर सरकार से भरोसा मिलने के बाद मिलिंग एग्रीमेंट में तेजी, बढ़ेंगे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में राइस मिलरों और राज्य सरकार के बीच गतिरोध समाप्त करने, साढ़े चार हजार करोड़ बकाया के लिए हुई पहली वार्ता के बाद मिलरों की नाराजगी अब समाप्त हो गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मिलरों को भरोसा दिलाया है कि कैबिनेट की अगली बैठक में बकाया पर फैसला हो जाएगा।

सीएम के इस भरोसे पर मिलर अब मिलिंग के लिए आवेदन और धान उठाव के लिए एग्रीमेंट करने तैयार हो गए हैं। अब तक करीब डेढ़ हजार आवेदन आ चुके हैं और साढ़े पांच सौ मिलरों ने एग्रीमेंट कर लिया है। छत्तीसगढ़ के राइस मिलर कस्टम मिलिंग की दो साल की बकाया राशि चार हजार करोड़ रुपए सरकार से लेने पर अड़े हुए थे। हालांकि मिलरों और सरकार के बीच हफ्तेभर पहले वार्ता का एक दौर हो चुका था, लेकिन राज्य के कई जिलों के मिलर इस समझौते को मान नहीं रहे थे। यही कारण था कि वार्ता होने के बाद भी मिलिंग के लिए आवेदन और एग्रीमेंट नहीं कर रहे थे। दो दिन पहले सरकार ने एक बार फिर मिलरों से उच्चस्तरीय वार्ता की है, इसके बाद मिलरों का विश्वास बढ़ा और वे मिलिंग के लिए तैयार हो गए हैं।

### अब तक 1500 आवेदन, 550 एग्रीमेंट भी


राज्य में धान की कस्टम मिलिंग के लिए मिलरों ने अब तक 14 सौ 48 आवेदन दिए हैं। इनमें से अरवा मिलिंग करने वाले मिलरों की संख्या 601 है, जबकि उसना मिलिंग के लिए 130 आवेदन आए हैं। इनमें से 446 आवेदन का पंजीयन होना बाकी है। 268 मिलरों ने अपने दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए हैं। सरकार ने अब तक 735 आवेदनों पर अनुमति दे दी है और 540 मिलरों का एग्रीमेंट भी हो चुका है। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ से केंद्र सरकार को सेंट्रल पूल के लिए 70 लाख मीट्रिक टन चावल देना है। इसमें अरवा और उसना चावल दोनों शामिल हैं।

### अब कैबिनेट के फैसले पर भरोसा

मिलिंग के मामले में अब तक सबसे बड़ा पेंच चार हजार करोड़ के बकाया को लेकर ही रहा है। हालांकि पहली वार्ता के बाद सरकार की ओर से कहा गया था कि बकाया पर कैबिनेट की बैठक में फैसला किया जाएगा। पिछले सोमवार हुई कैबिनेट में बकाया पर कोई निर्णय नहीं होने की बात सामने आई है। इधर जिलों में मिलरों की नाराजगी बनी हुई थी, लेकिन इसके बाद एक बार फिर सरकार ने कहा है कि अगली बैठक में इस पर निर्णय होगा। सूत्रों के अनुसार, यह बैठक 13 दिसंबर को संभावित है। दूसरी ओर मिलरों का कहना है कि मिलरों से वार्ता के बाद विश्वास पर सहमति देकर काम शुरू करने की तैयारी की है, लेकिन कैबिनेट में ये पास होगा या नहीं, इसे लेकर संशय है।

## शहीद वीरनारायण सिंह का परिवार बलिदानी, कोर्ट ने दी थी कालापानी की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



■ पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने पत्रकारवार्ता में दी जानकारी

स्वतंत्रता संग्राम में छत्तीसगढ़ के तीन राजवंशों ने अंग्रेजों के साथ युद्ध करते हुए खुद को न्योछावर किया था। सोनाखान के जमींदार शहीद वीरनारायण सिंह, संबलपुर के जमीदार माधो सिंह और राजगद्दी के दावेदार वीर सुरेंद्र साय ने सैकड़ों साथियों का आजादी के लिए बलिदान कर दिया था। रविवार को पत्रकारवार्ता में महासमुंद के पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने उक्त बातें कही। उन्होंने बताया कि रायपुर कोर्ट से पहली बार उन्हें कालापानी की सजा सुनाई गई थी। बलिदानी परिवार के बारे में युवा जान सकें, इसके लिए मुख्यमंत्री से मिलकर उनके जीवन संघर्ष से जुड़ी गाथा पाठ्यक्रम में शामिल करने की मांग की जाएगी। उन्होंने बताया कि माधो सिंह, वीरनारायण के ससुर और शहीद हटे सिंह उनके साले थे। उन्होंने दो बड़े अंग्रेज सैन्य अधिकारियों का वध किया। घटनाक्रम को देखते हुए माधो सिंह के पुत्र हटे सिंह एक नायक की तरह उभरे। वे छत्तीसगढ़ के पहले क्रांतिकारी थे, जिन्हें अंग्रेजों ने कालापानी की सजा देकर अंडमान की सेल्यूलर जेल में डाला था। जहां से वे कभी लौटकर नहीं आए।

# बढ़ी ब्रेन स्ट्रोक की शिकायत, छोटा पड़ने लगा डीकेएस का न्यूरोलॉजी विभाग

■ लंबा इलाज होने के कारण फुल रहता है विभाग, 30 से बढ़ाकर 50 बेड करने की योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

■ क्रिटिकल केयर को वित्त की मंजूरी का इंतजार, तीन नए विभाग शुरू करने का प्रस्ताव

बदलती लाइफ स्टाइल के चलते ब्रेन स्ट्रोक के मरीजों की बढ़ती संख्या की वजह से डीके सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल का न्यूरोलाजी विभाग अब छोटा पड़ रहा है। उपचार अवधि लंबी होने से यहां के बिस्तर खाली नहीं मिलते, इसे ध्यान में रखते हुए क्षमता 30 से बढ़ाकर 50 किए जाने की योजना है। यहां क्रिटिकल केयर सहित चार नए विभाग भी शुरू करने का प्रस्ताव है। करीब चार सौ बेड की क्षमता वाले डीके अस्पताल में आठ विभागों का संचालन किया जा रहा है। यहां सबसे अधिक मरीज न्यूरोलॉजी और नेफ्रोलॉजी विभाग में भर्ती हैं। पिछले कुछ समय से ब्रेन स्ट्रोक के मामले बढ़े हैं, जिसकी वजह से डीकेएस के इस विभाग में 30 बेड का वार्ड अक्सर फुल रहता है। कई बार स्थिति ऐसी होती है कि मरीजों को इलाज के लिए क्रिटिकल केयर सहित अन्य विभागों में रखना पड़ता है। मरीजों की संख्या अधिक होने से यहां की क्षमता में विस्तार जरूरी है और इसके लिए प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा जाएगा। आने वाले दिनों में यहां 50 मरीजों को भर्ती कर उपचार की सुविधा दी जाएगी। इसी तरह कोरोनाकाल में डीके अस्पताल में प्रारंभ किए गए क्रिटिकल केयर का सेटअप अलग करने वित्त विभाग से मंजूरी का इंतजार किया जा रहा है। अभी इस विभाग को इमरजेंसी मेडिसिन की मदद से संचालित किया जा रहा है। अस्पताल में मरीजों की सुविधा के विस्तार और एमसीएच का कोर्स प्रारंभ करने के लिए चार विभाग शुरू किए जाने की तैयारी चल रही है।



### विस्तार की जरूरत

न्यूरोलॉजी विभाग में उपचार की प्रक्रिया लंबी होती है, इसलिए यहां बेड फुल रहते हैं। मरीजों की सुविधा के लिए बेड बढ़ाने की आवश्यकता है। यहां तीन नए विभाग और एक विभाग का अलग सेटअप बनाने की योजना भी प्रस्तावित है।

- डॉ. हेमंत शर्मा,
उपअधीक्षक, डीके अस्पताल

### ब्लड, हार्मोंस और वात रोग का इलाज

भविष्य में डीके अस्पताल में रक्त संबंधी बीमारियों की जांच के लिए हेमेटोलॉजी, हार्मोंस से संबंधी जांच के लिए एंडोक्रिनोलॉजी तथा वात रोग की वजह से होने वाले बीमारियों के इलाज के लिए रुमेटोलॉजी विभाग प्रारंभ किए जाने की योजना है। बदलते समय और भविष्य की जरूरतों के हिसाब से शासकीय सेक्टर में इन बीमारियों के उपचार की सुविधा देने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

### नई बिल्डिंग की जरूरत

अस्पताल से संबंधित चिकित्सकों का कहना है कि विभागों की संख्या बढ़ाने और वहां एमसीएच कोर्स का संचालन करने के लिए ज्यादा जगह की आवश्यकता होगी। संचालित आठ विभाग और प्रशासनिक ब्लॉक के बाद यहां अतिरिक्त निर्माण की संभावना कम है। इसके लिए यहां करीब दो सौ बेड की क्षमता वाली नई बिल्डिंग बनाने की आवश्यकता होगी। पुरानी योजना के अनुसार यहां नए भवन का निर्माण भी लंबित पड़ा है।

## खबर संक्षेप

### नरतोरी में क्रिकेट स्पर्धा शुरू

**तेंदूकोना।** समीपस्थ ग्राम नरतोरी (मुनगासेर) क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ आदिवासी युवा नेता हरीश दीवान द्वारा फीता काटकर किया गया। इस दौरान सरपंच घनश्याम चंद्राकर, मीलू बरिहा, लोकनाथ बरिहा, देवेंद्र चंद्राकर, गंगाराम दीवान, रैनू बरिहा व सभी ग्रामवासी व क्रिकेट खिलाड़ी व दर्शक बंधुओं की उपस्थिति रही।

### कुराल पूजा में शामिल हुए दीवान

**महासमुंद।** तुपकबोरा में चक्रधारी समाज की कुराल पूजा तुपकबोरा में आदिवासी युवा नेता हरीश दीवान शामिल हुए। इस दौरान नैनसिंह चक्रधारी, रमेश चक्रधारी, रोशन चक्रधारी, केजू चक्रधारी, कपिल चक्रधारी, डॉ.तेजन चक्रधारी, गंगाधर चक्रधारी, संजय, हेमंत, महेंद्र चक्रधारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### रायपुर में कांग्रेस की बैठक में शामिल हुईं डॉ. रश्मि

**महासमुंद।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सह प्रभारी विजय जांगिड़ के द्वारा आयोजित राजीव भवन रायपुर में बैठक में सम्मिलित हुई। इस दौरान महासमुंद जिला कांग्रेस कमेटी संगठन के बारे में विस्तृत चर्चा हुई। संगठन की मजबूती एवं नगरीय निकाय चुनाव के लिए सह प्रभारी जांगिड़ द्वारा दिशा निर्देश दिए गए।

### श्री राम मंदिर निर्माण के लिए पदाधिकारी नियुक्त

**महासमुंद।** बागबाहरा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत मामा भांचा में श्री राम मंदिर निर्माण के लिए पदाधिकारी का चयन किया गया है। गौरतलब है कि विगत वर्ष 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह अयोध्या में आयोजित किया गया था, उसी तारतम्य में मामा भांचा में भी प्राण-प्रतिष्ठा एवं विशाल भंडारा के साथ श्री राम मंदिर के निर्माण के भूमिपूजन किया गया था। जिसमें आज श्री राम मंदिर निर्माण के लिए पदाधिकारी नियुक्त किए गए। जिसमें संरक्षक विजय दीवान, अध्यक्ष त्रिलोक चंद जैन, उपाध्यक्ष बसंत साहू, सचिव मनोज गोस्वामी, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, कार्यकारिणी सदस्य वेद कुमार दीवान, राजकुमार साहू, कोमल महानंद, मोहन साहू, टिकेश साहू, देव साहू, लिलेश्वर साहू, वीरेंद्र साहू, अश्विनी वेद दीवान होंगे।

### पोषक विद्यालय संपर्क अभियान आज से

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा संचालित शासकीय महाविद्यालय में स्वीकृत सीट के विरुद्ध शत प्रतिशत नामांकन आगामी वर्षों में दर्ज कराने हेतु पोषक विद्यालय संपर्क अभियान किया जाना है इस आशय में महाविद्यालय प्राचार्य करुणा दुबे के निर्देशन में महासमुंद ब्लॉक के 9 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का चयन किया गया है। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ मालती तिवारी जिला सहायक प्राध्यापक राजनीति शास्त्र सहायक नोडल अधिकारी अजय कुमार राजा सहायक प्राध्यापक वाणिज्य सहायक नोडल अधिकारी, डॉ ईपी चेलक सहायक प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र द्वारा 10-12 दिसंबर तक अभियान चलाया जाएगा। जिसमें प्रथम दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचेड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खट्टी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शेर में जानकारी दी जाएगी।

# रविवि प्रबंधन ने अंततः खरीदे खिलाड़ी छात्रों के लिए ट्रैकसूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने अंततः अपने खिलाड़ी छात्रों के लिए ट्रैकसूट की खरीदी कर ली है। पिछले शैक्षणिक सत्र में रविवि ने अपने विद्यार्थियों को ट्रैकसूट का वितरण नहीं किया था।

शैक्षणिक सत्र 2023-24 के प्रारंभ में टेंडर और खरीदी को लेकर लेट-लतीफी की गई। इसके बाद विधानसभा आचार संहिता का हवाला देकर वितरण नहीं किया जा सका। पिछले सत्र में खिलाड़ी छात्रों को ट्रैकसूट के बगैर ही खेल गतिविधियां पूर्ण करनी पड़ी थी। कई महाविद्यालयों ने इसे लेकर नाराजगी भी जाहिर की थी। हरिभूमि ने खिलाड़ी छात्रों की इस समस्या को प्रमुखता के साथ उठाया था। अब शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए 1230 नग ट्रैकसूट की खरीदी की गई। इसके लिए 10 लाख 7 हजार 370 रुपए का भुगतान रविवि द्वारा संबंधित फर्म को करने कार्यपरिषद की बैठक में निर्णय पारित किया गया है। गौरतलब है कि अंतरमहाविद्यालयीन खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों को रविवि द्वारा ट्रैकसूट प्रदान किए जाने का नियम है। खरीदी पश्चात वर्तमान सत्र में खिलाड़ी छात्रों को ट्रैकसूट प्रदान किए जा रहे हैं।

## हरिभूमि ने उठाया था खिलाड़ी छात्रों को ट्रैकसूट नहीं देने का मुद्दा

### परीक्षा में खर्चे 4 करोड़ 16 लाख रुपए

शैक्षणिक सत्र 2023-24 की वार्षिक और सेमेस्टर परीक्षाओं में रविवि द्वारा 4 करोड़ 16 लाख रूपए खर्च किए गए हैं। सामान्यतः महाविद्यालयों द्वारा परीक्षा संबंधित कार्यों में अपने मद से राशि का व्यय किया जाता है। इसके पश्चात रविवि पैसों का भुगतान करता है। कार्यपरिषद की बैठक में इस शेष राशि का भुगतान करने निर्णय पारित किया गया। शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए परीक्षा कार्य जारी है। इसमें खर्च होने वाली राशि का भुगतान अगले शैक्षणिक सत्र में किया जाएगा।




■ कार्यपरिषद की बैठक में लिया गया फैसला

### निशुल्क होगा अंकसूची सत्यापन

इसके अतिरिक्त रविवि द्वारा अन्य महत्वपूर्ण फैसले भी कार्यपरिषद की बैठक में लिए गए हैं। अब तक रविवि अंकसूची अथवा उपाधि प्रमाणपत्र सत्यापन व छायाप्रति के लिए निर्धारित शुल्क लेता रहा है। लेकिन पुलिस को अब यह सुविधा निशुल्क रूप से प्रदान की जाएगी। केंद्र अथवा राज्य शासन द्वारा होने वाली पुलिस संबंधित जांच में सहयोग करने के लिए रविवि ने व्यवस्था में यह बदलाव किया है। हालांकि अन्य विद्यार्थियों से पूर्ववत ही शुल्क लिए जाते रहेंगे। यह सुविधा सिर्फ पुलिस को कार्रवाई में सहयोग करने के उद्देश्य से दी जा रही है। गौरतलब है कि प्रत्येक वर्ष थोक में पुलिस के बाद फर्जी मार्कशीट से नौकरी हासिल करने सहित कई तरह के मामले सामने आते रहे हैं। इनके समाधान के लिए विश्वविद्यालय के सहयोग की आवश्यकता पुलिस विभाग को होती है।

## प्रदेशभर से पहुंचे 200 से अधिक बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक

# रोजगार सुरक्षा के लिए किया हनुमान चालीसा पाठ, पुलिस ने रोका, भिड़े शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रविवार दोपहर राम मंदिर के समक्ष जमकर हंगामा हुआ। यहां प्रदेशभर से 200 से अधिक की संख्या में बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक पहुंचे हुए थे। वे अपनी नियुक्ति रद्द नहीं करने की मांग लेकर यहां पहुंचे हुए थे। नौकरी की रक्षा के लिए वे यहां हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे, लेकिन हनुमान चालीसा की पंक्तियां पूर्ण होने के पूर्व ही पुलिस ने उन्हें वहां से हटा दिया। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से जमकर कहा-सुनी हुई।

पुलिस ने प्रदर्शनकारी लोगों को जबरन खदेड़ा। दोपहर में मंदिर के पट बंद होने के कारण प्रदर्शनकारी शिक्षक मंदिर के बाहर ही बैठकर पाठ करने लगे। पुलिस द्वारा हटाए जाने पर भी नहीं हटने के बाद दोनों पक्षों में गहमागहमी शुरू हो गई। करीब घंटेभर तक दोनों पक्षों में तकरार चली। इस दौरान यातायात भी प्रभावित रहा।

### यह है मामला

सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक फैसले में प्राथमिक कक्षाओं में अध्यापक के पद पर सेवाएं देने सिर्फ डीएलड डिग्रीधारियों को ही योग्य ठहराया था। इसके उलट प्रदेश में बीएड डिग्रीधारियों को भी प्राथमिक कक्षाओं में पदस्थ कर दिया गया था। डीएलएड डिग्रीधारियों ने इन नियुक्तियों को कोर्ट में चुनौती दी थी। सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया था कि डीएलएड वालों की लिस्ट जारी करें। आदेश के बाद भी शासन द्वारा बीएड शिक्षकों को उनके पदों से नहीं हटाया गया और ना ही डीएलएड वाले अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई। 10 दिसंबर को कंटेप्ट-ऑफ-कोर्ट की सुनवाई होने वाली है। इसके बाद प्राथमिक कक्षाओं में बतौर सहायक शिक्षक नियुक्त बीएड डिग्रीधारियों को हटाए जाने की आशंका है। इसके विरोध में ही शिक्षक प्रदर्शन करने पहुंचे थे।

## अपनी नियुक्ति यथावत बनाए रखने की मांग, पुलिस ने खदेड़ा



### 14 महीने से नौकरी कर रहे हैं 2900 सहायक शिक्षक

कांग्रेस शासनकाल में शिक्षकों के 10 हजार पदों पर भर्तियां निकाली गई थी। इस दौरान प्राथमिक कक्षाओं में बीएड डिग्रीधारी 2 हजार 900 अभ्यर्थियों को सहायक शिक्षक के पद पर नियुक्त किया गया। जिन शिक्षकों को हटाकर डीएलएड डिग्रीधारियों की नियुक्ति की तैयारी की जा रही है, वे बीते 14 माह से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। प्रदेश में यह पहला मामला होगा, जब इतनी बड़ी संख्या में किसी को नियुक्ति देकर लंबे समय तक सेवा लेने के पश्चात पदमुक्त किए जाने की प्रक्रिया चल रही है।

### लंबे समय से चल रहा विवाद

बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक पूर्व में भी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर चुके हैं। उनके द्वारा विभिन्न स्तर पर मंत्री और शासन-प्रशासन के लोगों से मुलाकात कर अपनी मांग रखी जा चुकी है। इसके बाद भी उन्हें कोई राहत नहीं मिल सकी है। बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षक जो प्राथमिक कक्षाओं में सेवारत हैं, का कहना है कि उन्हें डीएलएड की पढ़ाई सेवा के साथ-साथ करा दी जाए, जिससे उनकी नौकरी सुरक्षित रहे और न्यायालय के आदेश की अवमानना ना हो।

### सुनाई अपनी पीड़ा

प्रदर्शन के दौरान बीएड डिग्रीधारी सहायक शिक्षकों ने अपनी पीड़ा भी बताई। कई का कहना था कि वे अपने घर में एकलौते कमाने वाले हैं तो कई ने इस नौकरी के लिए निजी नौकरी ठुकराए जाने की बात कही। कई शिक्षकों ने बताया कि उनकी शादी इस शासकीय नौकरी के आधार पर ही तय हुई थी। शासकीय नौकरी नहीं रहने पर अब उनके रिश्ते पर भी संकट मंडरा रहा है। इस तरह की अन्य पारिवारिक व आर्थिक दिक्कतें प्रदर्शनकारियों ने साझा की।

## छात्राओं को मिली साइकिल....



**बलौदाबाजार।** छात्राओं को शिक्षा में बढ़ावा देने तथा स्कूल में आने जाने में होने वाली परेशानी को देखते हुए सरस्वती साइकिल योजना के तहत बलौदाबाजार के स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय में कक्षा नवमीं की छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। वहीं साइकिल पाकर स्कूलों के चेहरे खिल उठे। सायकिल वितरण में जनप्रतिनिधि नरेश केसरवानी, कृष्णा अवस्थी, कमल टंडन, नीलिमा सोनी, स्कूल की प्रधान पाठक श्वेता सोनी, गुंजन बिजौरिया सहित स्टाफ मौजूद थे।

# सुंदरकांड समिति का स्थापना दिवस 22 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



■ होगा अखंड 108 हनुमान चालीसा का पाठ

श्री संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति के 24वें स्थापना दिवस पर अखंड 108 हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होने के लिए अग्रोहा राइसमिल में बैठक रखी गई है। इस वर्ष भी 22 दिसम्बर को श्री संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति का स्थापना दिवस मनाया जाएगा, जिसके लिए कार्यक्रम की रुपरेखा तैयार की गई। श्री संगीतमय सुंदरकांड पाठ समिति के स्थापना दिवस पर नगर के हृदय स्थल रामनाम सप्ताह मंडप में नगर के समस्त धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं द्वारा सुबह 8 से रात्रि 9.30 बजे तक 108 हनुमान चालीसा पाठ किया जायेगा। तत्पश्चात सुंदर कांड समिति के सदस्य द्वारा भजनों की मधुर प्रस्तुति होगी, जिसमें भक्तों को सराबोर होने का अवसर प्राप्त होगा।

# सोर्स से लेकर डेस्टिनेशन प्वाइंट तक के गांजा तस्करी में लिप्त लोगों की धरपकड़ के लिए बनी टास्क फोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

गांजा तस्करी के लिए सोर्स प्वाईंट से लेकर डेस्टिनेशन प्वाईंट तक के चैनल को तोड़ने जिला पुलिस द्वारा एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स का गठन किया गया है। सितंबर माह में गठित टीम द्वारा अब तक तीन प्रकरणों में गांजा तस्करों की पूरी चैनल को खंगालते हुए कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।

सोमवार को पुलिस कंट्रोल रुम में पत्रकारवार्ता में एडिशनल एसपी प्रतिभा पांडेय ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स में कुल 11 सदस्य हैं। जिनका नेतृत्व उप पुलिस अधीक्षक सारिका वैध ने किया। सितंबर में गठित इस टीम ने जिले में गांजा की खरीदी, बिक्री एवं परिवहन पर रोकथाम पर अब तक 5 अंतरराज्यीय तथा 4 अन्य कुल 9 गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया छह दिसंबर को खल्लारी पुलिस ने एनएच 353 पर दो युवकों से 29 किलो गांजा बरामद किया। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने गोकुल नगर टिकरापारा निवासी के पास गांजा ले जाना बताया। जिस पर नसीम मोहम्मद उर्फ इरफान (33) को गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार 13 अक्टूबर को वाहन चेकिंग के दौरान फारेस्ट नाका सिरपुर में ठाकुरीकांपा थाना जरहागांव मुंगेली निवासी दो युवकों के कब्जे से 4 किलो गांजा कुल कीमत 80 हजार रुपए बरामद किया।

आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि पकड़े गए गांजा परिवहनकर्ता ग्राम बरेला जिला मुंगेली निवासी प्रहलाद धुरी (26) के पास गांजा ले जा रहे थे और देवलगुड़ी तुसरा जिला बलांगीर ओडिशा निवासी झकेतन राणा (34) से खरीद कर ला रहे थे। परिवहनकर्ताओं के बताए अनुसार उक्त दोनों आरोपी, जिनके पास गांजा छोड़ा जाना था और जहां से गांजा लकर आए थे को गिरफ्तार किया। एएसपी ने बताया कि 1 दिसंबर को कोमाखान पुलिस ने स्कूटी से एक व्यक्ति को 3 किलो गांजे के साथ पकड़ा पूछताछ में पता चला कि पकड़ा गया आरोपी थोड़े-थोड़े मात्रा में गांजा एकत्र कर अपने रिश्तेदार जमुना ओडिशा हाल पता स्टेशन चौक कुम्हारी दुर्ग निवासी हुर्षिकेस बाघ के पास छोड़ता है।




### जनवरी से अब तक गांजा के 116 मामले

एएसपी ने बताया कि जनवरी से अब तक जिले में गांजा परिवहन के 116 प्रकरण दर्ज किए गए हैं जिसमें 210 आरोपियों की गिरफ्तारी हुई है। आरोपियों से 5412.53 किलो गांजा बरामद हुआ है। जिसकी कीमत 18 करोड़ 59 लाख 13 हजार 210 रुपए है। उक्त गांजे के परिवहन में प्रयुक्त 90 वाहनों को भी जब्त किया गया है। इसके अलावा नारकोटिक्स एक्ट के तहत दो अफीम पोस्त, 3 नशीली टैबलेट और एक नशीले सिरप का प्रकरण भी दर्ज किया।

### विभाग ने किया वृद्धजनों को सम्मानित

**महासमुंद।** राज्य सरकर गठन के 13 दिसम्बर को एक वर्ष पूर्ण होने जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन 09 से 20 दिसंबर 2024 के मध्य विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं के आयोजित किया जाएगा। उक्त निर्देश के परिपालन में समाज कल्याण विभाग द्वारा आशियाना वृद्धाश्रम दलदली रोड़ में वृद्धजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए खेल-कूद कार्यक्रम का आयोजन, विशेष भोजन की व्यवस्था की गई।

# फरार आरोपी की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज कर ली एफआईआर फिर मामला तूल न पकड़े इसलिए दर्ज की काउंटर रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जाड़ामुड़ा धान खरीदी केंद्र में हुए घोटाले का फरार आरोपी थाना पहुंचता है और वहां उसे गिरफ्तार करने की बजाय उसके द्वारा की गई शिकायत पर एफआईआर भी दर्ज कर ली जाती है। इस मामले में जब तूल पकड़ा और शिवसैनिकों ने आंदोलन की चेतावनी दी तो मामले में काउंटर रिपोर्ट दर्ज की गई लेकिन, फरार आरोपी को अब तक गिरफ्तार नही किया गया है।

यह मामला है जिले के थाना बसना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रजपालपुर के आश्रित ग्राम जाड़ामुड़ा का। जहां शिवसैनिक के कब्जे की जमीन को बोर खनन के लिए पंचायत द्वारा एनओसी दिए जाने पर निराकार प्रधान और मनोहर प्रधान द्वारा शिवसैनिक अशोक प्रधान के साथ मारपीट का आरोप है। वहीं बसना थाना में इसकी शिकायत किए जाने पर अशोक प्रधान के खिलाफ मामला भी दर्ज कर लिया गया। बता दें कि जाड़ामुड़ा धान घोटाले में 422, 467, 468, 471, 120 बी 34 के तहत आरोपी निराकार प्रधान, मनोहर प्रधान फरार आरोपी है। शिवसैनिकों ने पत्रकार वार्ता के दौरान आरोप लगाया है कि पुलिस द्वारा इनकी गिरफ्तारी न करते हुए उन्हें सुरक्षा प्रदान करते हुए संरक्षण दिया जा रहा है। मामले में शिवसैनिकों ने जाड़ा मुड़ा धान घोटाले के शेष आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार किए जाने की मांग करते हुए अन्यथा की स्थिति में आगामी दिनों में उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।




## पेज 9 के शेष

### चरौदा में बनी ...

जीवनस्तर को भी बेहतर बनाएगी। इस पानी टंकी से लगभग 450 परिवार लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सब इंजीनियर संदीप लॉरेंस ने अपने विचार साझा किए और ग्रामीणों को इस पहल का पूरा लाभ उठाने की अपील की। कार्यक्रम में उपस्थित जिला समन्वयक राजकुमार कोशले, मनोज कुमार राठौर तथा महेन्द्र वर्मा प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### सरकार गठन के...

लाभार्थियों का सम्मान, आंगनबाड़ी में कुर्सी दौड़, कृषि विभाग द्वारा कृषक उन्नति योजना से लाभान्वित किसानों का सम्मान, उन्नत किसानों का सम्मान, कृषक संगोष्ठी, समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग कलाकारों, खिलाड़ियों का सम्मान, पुलिस विभाग द्वारा शहीदों के परिजनों क सम्मान, नगर सेना के जवानों द्वारा श्रमदान, श्रम विभाग द्वारा श्रमिक सम्मलेन, श्रमिकों का सम्मान, वन विभाग द्वारा वन सुरक्षा समितियों का सम्मान, पौधारोपण, पशुपालन विभाग द्वारा गौ पूजन कार्यक्रम, जेल विभाग द्वारा सफाई अभियान में श्रमदान, संगोष्ठी, तकनिकी शिक्षा विभाग द्वारा सभी इंजीनियरिंग कॉलेजों, आईटीआई में सुशासन पर संगोष्ठी आदि का आयोजन किया जाएगा।

### शराब, जुआ और ...

बैकोनी सिमगा, हेमंत बंजारे 40 साल निवासी ग्राम बिनौरी पलारी, मोहम्मद ईस्माइल 44 साल निवासी ग्राम दतान (प) पलारी के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। पकड़े गए सभी 5 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत विधिवत कार्रवाई की गई। इस दौरान थाना भाटापारा ग्रामीण द्वारा 1, थाना पलारी द्वारा 2 एवं थाना सिमगा द्वारा 2 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई।

### फरार गांजा तस्कर ...

में आरोपी हरीश पांडे को 9 दिसम्बर को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के बाद जेल भेजा गया।

### परोपकारी कार्य करने ...

से लगातार बातचीत की। पुलिस टीम द्वारा उसके रिश्तेदारों, नातेदारों महिला को उसके 3 बच्चों की परवरिश एवं उनके भविष्य की ओर ध्यान आकृष्ट कर महिला को शांत कराया गया एवं उसे रेलवे ट्रैक से हटाकर सुरक्षित दूरी पर दूसरी जगह पर लाया गया।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर 25 मरीजों की जांच

**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 9 दिसंबर 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना जिला महासमुंद में मानसिक स्वास्थ्य दिवस का आयोजित किया गया। इस दौरान 25 मरीजों की जांच कर निःशुल्क मेडिसिन के साथ साइकोसोशल इंटरवेंशन किया गया। डॉ नारायण साहू बीएमओ, लोकेश प्रधान आरएमए, ढोलचंद नायक बीपीएम व स्टॉफ का सहयोग रहा। मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय महासमुंद स्पर्श क्लीनिक से रामगोपाल खूंटे साइकेट्रिक सोसल वर्कर व स्टॉफ के साथ मेटल हेल्थ कैंप आयोजित किया गया।

### एड्स जागरूकता के तहत विभिन्न कार्यक्रमों

**महासमुंद।** राष्ट्रीय सेवा योजना एवं यूथ रेडक्रास सोसायटी एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वधान में महाविद्यालय चिरको के प्रभारी प्राचार्य ह्यूमा लिली दीवान के निर्देशन में एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में समस्त छात्र/छात्राओं को यूथ रेडक्रास प्रभारी लता भोई द्वारा एड्स संक्रमण फैलने के कारण एवं उनसे बचाव के उपाय हेतु महाविद्यालय में भाषण प्रतियोगिता एवं स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। ग्रामीणों को एड्स की जानकारी प्रदाय करने हेतु ग्राम चिरको के प्रमुख बाजार चैक में एड्स जागरूकता के अंतर्गत महाविद्यालयीन विद्यार्थियों के माध्यम से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया जिसमे एड्स के रोकथाम के उपाय नाटक के माध्यम से बताया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ सहायक प्राध्यापक एमएस वर्मा सहायक प्राध्यापक, मनहरण ठाकुर, तरूण कुमार ध्रुव, कार्यालय प्रमुख फलेश दीवान, एवं अतिथि व्याख्याता राखी यदु, प्रेमलता ऋषि वर्मा, हेमलाल सोनवानी उपस्थित रहे।

### कॉलेज में चल रहीं प्रैक्टिकल परीक्षाएं

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राणीशास्त्र विभाग में प्रायोगिक परीक्षा का प्रारंभ 5 दिसंबर से किया जा चुका है। एमएससी प्राणीशास्त्र प्रथम सेमेस्टर के लैब कोर्स द्वितीय का प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 05 दिसंबर दिन गुरुवार तथा एमएससी प्राणीशास्त्र प्रथम एवं तृतीय का लैब कोर्स प्रथम की प्रायोगिक परीक्षा 08 दिसंबर दिन रविवार को कराया गया। एमएससी प्राणीशास्त्र तृतीय सेमेस्टर लैब कोर्स द्वितीय की परीक्षा दिनांक 17 दिसंबर को कराई जाएगी। बीएससी प्रथम सेमेस्टर की नियमित एवं स्वाध्यायी परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा 10 दिसंबर से 12 दिसंबर तक तीन दिवस प्रथम पाली पूर्वान्ह 09 से 12 तक द्वितीय पाली अपरान्ह 01 से 04 बजे तक दो पालियों में कराई जाएगी। समस्त छात्र-छात्राएं प्रायोगिक फाईल के साथ अपनी उपस्थिति परीक्षा में सुनिश्चित करेंगे अन्यथा की स्थिति में परीक्षा छूटने पर अन्यत्र महाविद्यालय में प्रायोगिक परीक्षा देनी होगी।

### स्वयंसेवकों को योगासन के लाभ बताए, प्रेरित भी किया

**महासमुंद।** शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय महासमुंद के राष्ट्रीय सेवा योजना महिला इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर ( डिजिटल साक्षरता के लिए युवा ) दिवस दिवस का प्रारंभ में योगा से किया गया जिसमे वैशाली ठाकुर ने योगासन व योग से लाभ व अपने जीवन में घटित घटनाओं से अवगत कराकर स्वयंसेवकों को मोटिवेट किया। खुद पर विश्वास एवं आत्मनिर्भर व सीखने की इच्छा रखने के लिए प्रेरित किया। हितेश यादव द्वारा जुंबा के प्रकार, भारत में प्रचलित जुंबा, जुंबा से होने वाले लाभ से समस्त स्वयंसेवकों को अवगत कराया गया। स्वयंसेवकों द्वारा परियोजना कार्य में शिविर परिसर की साफ-सफाई की गई तथा दीवारों पर नारा लेखन कर विद्यालय परिसर को सुसज्जित किया गया। बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में सुमित देवांगन आराधना फाउंडेशन के संचालक साथ ही प्रतियोगी परीक्षाओं की कक्षाएं संचालित करते हैं ने अपने उद्बोधन में डिजिटल साक्षरता, केंद्र सरकार द्वारा संचालित योजनाएं, सुरक्षित बैंकिंग तथा मोबाइल के सदुपयोग के बारे में बताया।

# आयुष्मान कार्ड से 70 प्लस के बुजुर्गों को मिलेगा 5 लाख का मुफ्त इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

आयुष्मान वय वंदन योजना अंतर्गत शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत 70 से अधिक उम्र के बुजुर्गों से आयुष्मान कार्ड बनाने की अपील कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू द्वारा की गई है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान वय वंदना योजना अंतर्गत जिनका आयुष्मान कार्ड अब तक नहीं बना है वे इसे बनवाए तथा जिनका पहले बन चुका है वे दोबारा केवाईसी करवाए और अपनी आयुष्मान कार्ड को सक्रिय रख कर आयुष्मान वय वंदना योजना का लाभ ले।

जिलाधीश ने बताया कि जिले के 41 हजार 589 लोगों में से 34 हजार 226 लोगों की आयुष्मान कार्ड बन चुका है और 7363 लोगों की आयुष्मान कार्ड अभी तक नहीं बना है। जिन 34 हजार 226 लोगों का आयुष्मान कार्ड बना है उनका दोबारा केवाईसी कराना होगा। संबंधित कार्ड धारक किसी भी चॉइस सेंटर में जाकर केवाईसी कर सकता है। दोबारा केवाईसी नहीं करने पर कार्ड धारक को, बीपीएल परिवार होने पर 5 लाख रुपए की मुफ्त इलाज एवं एपीएल परिवार होने पर 50 हजार रुपए की मुफ्त इलाज की सुविधा मिलती रहेगी। भारत सरकार ने 70 वर्ष के ऊपर के सभी लोगों को 5 लाख की अतिरिक्त मुफ्त इलाज की सुविधा दे रही है।

## आयुष्मान वय वंदना योजना का लाभ लेने करानी होगी केवाईसी






### चॉइस सेंटर से संपर्क कर बनवा सकते हैं

बरमकेला में शहरी 70 से अधिक उम्र के बुजुर्गों की संख्या 290 है। सरिया में 525 है। बरमकेला ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र में 10 हजार 459 है। बिलाईगढ़ ब्लॉक के बिलाईगढ़ शहरी में 371, भटगांव शहरी में 810, बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र में 13 हजार 903 है। पवनी और सरसींवां की पूरी संख्या ग्रामीण में सम्मिलित है, जबकि सारंगढ़ शहरी में 1445 है और सारंगढ़ ब्लॉक के ग्रामीण क्षेत्र में 13 हजार 806 बुजुर्ग है। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए अपने क्षेत्र के स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, गांव के मितानिन, स्वास्थ्य केंद्र या चॉइस सेंटर से संपर्क कर बनवा सकते हैं।

## सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले को टीबी और कुष्ठ मुक्त बनाने सर्वे व जांच की गई

# स्वास्थ्य अमला ने 14 दिनों तक खोजे टीबी और कुष्ठ के मरीज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़



ग्राम पवनी से सर्वे टीम ने टीबी, कुष्ठ, बीपी, शुगर आदि की जांच एचं 100 दिन टीबी के लिए जागरूकता एवं बीमारी को खोजने प्रारंभ सीएमएचओ डॉ. एफ आर निराला के मुख्य आतिथ्य में अभियान प्रारंभ किया गया। सभी बीमार व्यक्ति को खोज करने के लिए 1414 मितानिन, 72 मितानिन प्रशिक्षक, 119 पर्यवेक्षक टीबी ट्रीटमेंट सुपरवाइजर, टीबी रनर के साथ सभी सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, सभी आरएमए, सभी चिकित्सक की ड्यूटी लगायी गई है। मितानिन 14 दिनों तक अपने अपने श्रेत्र के प्रत्येक घर में जाकर टीबी के लक्षण के आधार पर शंकाप्रद मरीजों की पहचान करेंगे। शंकाप्रद पाए जाने पर उनकी लिस्टिंग करेंगे और उनके सत्यापन के लिए बलगम के नमूने लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी रनर के माध्यम से भेजेंगे। भेजे गए सैंपल की जांच त्रुनात मशीन से की जाएगी तथा छाती में कोई लक्षण हो तो उसकी एक्सरे भी करेंगे। टीबी के लक्षण वाले हर एक व्यक्ति को मितानिन चिन्हांकित करेगी एवं सबको सीएचसी सत्यापन लिए रेफर करेगी। फेफड़े के बाहर के टीबी की भी पहचान अन्य जांच के माध्यम से की प्रयास है। एक भी टीबी के प्रकरण छूट न पावे पुष्टि होने पर इन सभी को टीबी की दवाई डॉट्स दी जाएगी। यही नहीं क्लोज कॉन्टैक्ट परिजन परिवार वाले को टीबी के बचाव की दवाई दी जाएगी। शंकाप्रद कुष्ठ के मरीज को सत्यापान के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजेंगे, जहां इनका सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन में कुष्ठ की पुष्टि होने पर उनका पंजीयन कर कुष्ठ की दवाई एमडीटी प्रदान की जाएगी।

### टीबी मुक्त अभियान में छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली




**भटगांव।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीबी मुक्त अभियान हेतु 100 डे कैम्पेन का कार्यक्रम आयोजीत किया गया। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक कन्या शाला भटगांव से लोंगों को जागरूक करने रैली निकाली गई। यह रैली कन्या शाला से निकलकर बस स्टैंड और अन्य चौक होते हुये आमजनता को टीबी मुक्त के लिए जागरूक किया। साथ ही वर्नेबल 60 पल्स को विशेष रूप से बढ़ावा देने सहित मलेरिया, कुष्ट, टीबी, बीपी सुगर वाले मरीजों को चिन्हांकित करने पहल की गई। एचएओ डॉ. एफआर निराला व नोडल अधिकारी डॉ. भूषण खूंटे के निर्देशानुसार डॉ. पुष्पेंद्र वैष्णव ने छात्र–छात्राओं सहित स्वस्थय मितानिनों व संबन्धित विभाग के कर्मचारियों टीबी मुक्त के अलावा कई बीमारियों से संबंधित उपाय और उनके बचाव की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. लोकेश अजय, एसटीएस आकाश कुमार सिदार, घनश्याम जायसवाल, विजय सुपरवाइजर दिलहरण सिदार, सुपरवाइजर गणेश राम साहू, जयसूर्या, उतरा मितानिन मुख्य रूप से शामिल हुये।

# लवन नपं में बुनियादी सुविधाओं का अभाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

- बसपा ने आंदोलन में गिनायी नगर की विभिन्न समस्याएं

बहुजन समाज पार्टी विधानसभा कसडोल ने नगर पंचायत लवन में विभिन्न जन समस्याओं को लेकर सोमवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन नगर पंचायत लवन में विगत वर्षो से पेयजल की समस्या, प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर हितग्राहियों से अवैध वसूली के खिलाफ, वार्ड क्रमांक 14 व अन्य वार्ड में रह रहे लोगों के आवासीय पट्टा दिलाए जाने, नगर में साफ सफाई नगर में आए दिन कानून व्यवस्था का खस्ताहाल जिसमें खास चाकूबाजी नशाखोरी जैसे विभिन्न मुद्दों को लेकर पुराने तहसील चौक पर बहुजन समाज पार्टी का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन एवं आन्दोलन किया गया। आन्दोलन में पूर्व नगर अध्यक्ष डेरहाराम डहरिया, प्रहलाद साहू, रवि रविन्द्र, नकुल बांधे, डॉ. नोहर भारद्वाज, राजकुमार डहरिया, सुन्दरलाल गायकवाड, अजेश कठोत्रे, सुदर्शन बर्वे, रामकुमार खूंटे, अशोक ठाकुर, मेहतर चेलक, बारातू बंजारे, नंद कुमार डहरिया, संतोष बंजारे, अमरदास बर्मन, कांसीराम रात्रे, भोजराम बंजारे, मानसिंह जांगड़े, रामचंद्र डहरिया, कृत लहरे, तामेश्वर प्रसाद, लेबल आनंद, परशुराम निराला, प्रेमलाल निराला, देव प्रसाद चतुर्वेदी, कन्हैया टंडन, सेवक राम साय ,राम प्रसाद, बुद्धवंती, राजमती, गीता, बगल कुर्रे, गंगा डहरिया,लीला बाई, सविता टंडन, हीरावन महिलांग, साधुराम कुर्रे, समारोह धर्म चतुर्वेदी, कलाराम डहरिया, शुकुल मीरी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# संकुल स्तरीय खेलकूद व बौद्धिक स्पर्धा के विजेता सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कटगी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पिसीद में 2 व 3 दिसंबर को दो दिवसीय संकुल स्तरीय खेलकूद एवं बौद्धिक प्रतियोगिता सम्पन्न हुई।

उद्घाटन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद, अध्यक्षता छाँछी सरपंच कमल साहू व समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सिद्धांत मिश्रा, अध्यक्षता प्रेमलाल पटेल विशिष्ट अतिथि छरछेद सरपंच भरतदास मानिकपुरी थे। खेलकूद व बौद्धिक प्रतियोगिता में स्कूली बच्चों ने खो-खो, कबड्डी, ऊंची कूद, लंबी कूद, तवा फेक, गोला फेक, कुर्सी दौड़, शतरंज, कैरम, रंगोली, चित्रकला, प्रश्न मंच, तात्कालिक भाषण, भजन, गीत, नृत्य, दौड़ में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में विजेता को अतिथियों द्वारा मेडल, शील्ड कप व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# अग्निवीर सिपाही के प्रथम आगमन पर हुआ भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| संडी-बंगला



पलारी विकासखंड के ग्राम पंचायत खरतोरा निवासी नरसिंग साहू एवं जर्वे निवासी साहिल वर्मा का चयन अग्निवीर में होने तथा 6 महीने तक ट्रेनिंग पश्चात नरसिंग और साहिल ग्राम पहुंचने पर ग्रामीणों ने सम्मान किया। नरसिंग साहू ने बताया कि मातृभूमि की सेवा करना और उनके लिए समर्पित रहना बड़े गर्व की बात है। इस अवसर पर सरपंच सविता बिसेसर वर्मा और नरसिंग साहू के माता पिता भुवन साहू, सुशीला साहू, सती साहू, भाई नरोत्तम साहू, साहिल वर्मा के माता टिकेश्वरी वर्मा, घनश्याम साहू, संजय साहू, किशोर वर्मा, सनत साहू, शिवकुमार साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, रूपसिंग साहू, लीलाधर साहू सुषमा वर्मा, मनीष वर्मा, अनुसुइया साहू, दुलारी साहू, कौशिल्या वर्मा पाचो बाई साहू, जगन बाई साहू, एतिका वर्मा, हेमलाल साहू, घना साहू, धरम साहू, करण साहू, तोरण साहू, देवदत्त वर्मा, किशन साहू,रमन फेकर, जर्वे सरपंच प्रतिनिधि ओपी वर्मा, राजेंद्र भारती धर्मेंद्र पटेल, भास्कर पटेल, नरेश साहू, समीर सेन, विक्की साहू, सौरभ साहू, हेमंत फेकर, लालजी साहू, लिलाधर वर्मा बोहरिक साहू जंतराम साहू उपस्थित थे।

### 16 को मनाया जाएगा विजय दिवस

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 16 दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए शहीद स्मारक एवं आसपास जगह पर तैयारी की जा रही है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि भारत देश में विजय दिवस को बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है और पूरे विश्व ने भारतीय सैनिकों के शौर्य को सलाम दिया जाता है ।

### नगर में हुआ अखंड श्रीदुर्गा चालीसा पाठ


**सिमगा।** युग चेतना पुरुष योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के जन्मदिवस को भगवती मानव कल्याण संगठन शाखा सिमगा ने हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन रखा गया। इसमें बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामवासीयों की उपस्थित रही। चालीसा पाठ के समापन के पश्चात संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा गरीब, असहाय लोगों को निःशुल्क कंबल वितरण किया गया। उक्त अवसर पर दयाशंकर निषाद, अश्वनी साहू, तुकाराम पटेल, नोहर साहू, लुकेश पटेल, राहुल पटेल, वासराम पाल सहित समस्त क्षेत्रीय कार्यकर्ता की उपस्थित थे।



## केशला में पं. रामकृष्ण दास की भागवत महापुराण कथा जारी

# सच्चा मित्र वही है, जो अपने साथी की परेशानी समझे


हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



आज जो मिल गया उसी में संतोष रहो, खुश रहो। कल का कल देखा जाएगा। कल की चिंता और भविष्य की चिंता में अपना वर्तमान को बर्बाद नहीं करना चाहिए। मनुष्य जीवन भजन करने के लिए मिला है। उक्त बातें कथावाचक पंडित राम कृष्ण दास शास्त्री ग्राम केशला में देवांगन परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ में कही। कथा के आठवें दिन सोमवार को कथावाचक ने व्यास पीठ से शिशुपाल उद्घार और सुदामा चरित्र का मार्मिक वर्णन पर श्रद्धालुजन भक्त भावविभोर हो गये। सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो। सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दें। उन्होंने कहा कि एक सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं। वहीं प्रहरी द्वारा भगवान श्रीकृष्ण को बताते हैं कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र सुदामा को गले लगा लिया। इस अवसर पर कृष्ण एवं सुदामा की झांकी प्रस्तुत की गई।

### नगर में भागवत कथा जारी

**बलौदाबाजार।** नगर शंकराचार्य के शिष्य ब्रह्मचारी डॉ. इंदुभवानंद महाराज के आचार्यत्व में श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह कथा का आयोजन जारी है। कथा के सातवें दिवस कथावाचक ने रास लीला व रूखमणी विवाह कथा को सचित्रण प्रस्तुत किया, जहां उपस्थित श्रोतागण भगवान श्रीकृष्ण व रूखमणी विवाह उत्सव में शामिल होते हुए भावविभोर हो गये। कथावाचक डॉ. इंदुभवानंद महाराज ने कथा के दौरान कहा कि भगवान के मार्गदर्शन करने से ही सुख संपत्ति की प्राप्ति होती है। वहीं भगवान के प्रसन्न होने से संसार की सभी वस्तु प्राप्त हो सकता है। इसलिए, व्यक्ति को भगवान भक्ति में लीन होना भी चाहिए। वहीं गौ माता की सेवा करने से 33 करोड़ देवी देवताओं का आशीर्वाद व पुण्य मिलता है। रूखमणी विवाह के प्रसंग पर कथा वाचक ने उदाहरण देते हुए कहा कि कन्या देखती है वर के स्वरूप को, माता देखती है धन को, पिता देखते हैं शिक्षा व ज्ञान को, कुटुम्ब देखते हैं उनके कुल परिवार को, व बराती देखते है खान पान और स्वागत को जिसकी चर्चा व्याप्त रहती है। कथा के दौरान रूखमणी विवाह प्रसंग विधिवत रूप से परम्परा अनुसार किया गया। इस अवसर पर बाराती के रूप में सर्व ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष श्याम शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा, जिला पंचायत सदस्य परमेश्वर यद्दु, पलारी जनपद अध्यक्ष खिलेन्द्र वर्मा, भारत स्काउट अध्यक्ष रामाधार पटेल, मोती वर्मा, सुशील तिवारी, लटूवा सरपंच दीपक साहू, पुनित राम वर्मा, सुनील मिश्रा उपस्थित थे। 10 दिसम्बर को गीता पाठ, सहस्त्र धारा, तुलसी विवाह, हवन, कपीला तर्पण व भंडारा के साथ होगा।



# कंप्यूटर प्रशिक्षण लेकर महिलाएं बनेगी आत्मनिर्भर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन

हिरमी में राजपूत एजुकेशनल इंस्टीटयूट द्वारा अंचल की महिलाओं एवं लड़कियों को 45 दिवसीय निःशुल्क बेसिक कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा हैं। इस संबंध में संचालक तनमय सिंह राजपुत ने बताया कि वर्ष 2021 से स्कूली छात्र–छात्राओं को प्रति वर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश में प्रशिक्षण देते आ रहे हैं। इस वर्ष 100 विद्यार्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण कराया गया। इस वर्ष महिलाओं के लिए निःशुल्क रोजगार परक कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज के समय में डिजीटल दुनिया से जुड़ कर महिलाएं भी स्वरोजगार की ओर अग्रेषित हो सकती हैं। प्रशिक्षण उपरांत राजपूत एजुकेशनल इंस्टीटयूट के ओर से प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।